UTTARAKHAND

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक 86 / 18mg दिनांक 10/01/19

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कूल–बिरखन से सूड़ होते हुए प्यूड़ा इण्टर कालेज तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु समेकित वनभूमि 1.458 हैक्टेयर हस्तान्तरण के संबंध में।

संदर्भः– आपका EDS दिनांक 03.01.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराया जाना है कि विषयक मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव दिनांक 21.11.2014 को आनलाईन अपलोड किया गया था, जिसका प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/18187/2014 प्राप्त हुआ था, परन्तु किसी कारणवश प्रस्ताव हमारी आन लाइन आई.डी. पर प्रदर्शित नहीं हो रही थी, जिस हेतु नोडल अधिकारी देहरादून से पत्राचार एवं उनके कार्यालय में आन लाईन प्रस्तावों को देख रही सुश्री काण्डपाल जी से दूरभाष पर वार्ता की गयी, तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्ताव को पुनः अपलोड कर दीजिये, उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उक्त पूर्व प्रस्ताव सख्या को विड्रो कर इस मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव को पुनः दिनांक 23.06.2018 को आन लाईन अपलोड कर दिया गया है, जिसका प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/34350/2018 प्राप्त है। इस मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की हार्ड प्रतियां तैयार कर पूर्व में ही इस कार्यालय के पत्रांक 1943/18एम0जी0 दिनांक 10.08.2016 द्वारा नोडल अधिकारी देहरादून के कार्यालय में दिनांक 11.08.2016 को उपलब्ध करा दी गयी थी (सुलभ संदर्भ हेतु पत्र की छाया प्रति संलग्न है)।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार–न०

भवदीय

10/01/19

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 1943/18mg दिनांकः– 10/08/16

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षक इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

विषयः– कूल–बिरखन से सूड़ होते हुए प्यूड़ा इण्टर कालेज तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु समेकित वन भूमि 1.458 है0 के हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में अवगत कराया जाना है कि विषयक मार्ग का निर्माण 4.00 किमी0 लम्बाई में किया जाना प्रस्तावित है। मार्ग के वनभूमि हस्तान्तण प्रस्ताव गठित कर ऑन लाईन किया जा चुका है, जिसका नं0 FP/UK/Road/8187/2014 है। उक्त प्रस्ताव परीक्षण के उपरान्त स्वीकार करते हुए प्रस्ताव की हार्ड कापी हस्ताक्षरयुक्त प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त विषयक मोटर मार्ग के प्रस्ताव की हार्ड कापी 3 प्रतियों में तैयार कर आपको अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः– प्रस्ताव 3 प्रति में।

भवदीय

10/08/16

(ई. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।

11/10/16

समप्रेक्षक
भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
इन्दिरा नगर, फौरेस्ट कालोनी
वन विभाग, (उत्तराखण्ड)
देहरादून